



# मोहर्रम की 10वीं पर आज निकाले जाएंगे आकर्षक ताजिये

▶ शहर सहित आसपास क्षेत्रों से पहुंचेंगे जायरिन

**बड़वानी, ( नवभारत )।** प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी शहर में हर्षोल्लास से अकीदत के साथ माहर्रम पर्व मनाया जा रहा है। इस अवसर पर मुस्लिम समाजजनों द्वारा कुरआन ख्वानी सहित विभिन्न धार्मिक आयोजन किए जा रहे हैं। वहीं दूसरी ओर समाज के युवाओं द्वारा विभिन्न चौक-चौराहों पर स्टॉल लगाकर राहगीरों को शरबत का वितरण किया जा रहा है।

### निकले मन्नत के शेर व सवारियां

हर साल की इस साल भी मोहर्रम माह की 7वीं और 9वीं तारीख को दिन में मन्नत शेर निकाले गए। वहीं रात्रि में बाबा की सवारियों ने शहर भ्रमण किया। मन्नति शेरों ने जहां ढोल-ताशों के साथ शहर के विभिन्न स्थानों पर बनाए जा रहे आकर्षक नक्कासीदार ताजियों की ज्यारत की। वहीं बाबा की सवारियों के भ्रमण का सिलसिला देर रात तक चला। कई लोगों ने बाबाओं की सवारियों से अपनी मान-मन्नतें की और बातें पूछी।

शहर के सात भाई ताजियेदार एडवोकेट नदीम शेख, मजहर शेख और बून भाई ने बताया कि इस वर्ष भी शहर में कई स्थानों पर एक से बढ़कर एक आकर्षक नक्कासीदार ताजियों का निर्माण किया जा रहा है। बड़वानी शहर के ताजिये आसपास के जिलों सहित प्रदेशभर में मशहूर हैं। जिन्हें देखने दूर-दूर से लोग बड़वानी पहुंचते। पानवाड़ी मोहल्ला, इकबाल चौक, महार मोहल्ला, तिरछी पुलिया, रानीपुरा, चांदशाह मोहल्ला सहित अन्य स्थानों पर ताजियेदारों द्वारा ताजियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। सात भाई ताजियेदारों ने बताया कि इस वर्ष यह उनका 97वां वर्ष है।



### उड़ेगी लोबान की खूशबू

हर साल मोहर्रम की 10वीं तारीख को शहर के विभिन्न स्थानों पर ताजियों को रखा जाएगा। इसी क्रम इस वर्ष 26 जून को मोहर्रम की 10वीं तारीख पर ताजियों कई स्थानों पर रखा जाएगा। जहां रात भर जायरिन ताजियों की ज्यारत करेंगे। वहीं मान-मन्नतों का दौर भी चलेगा। इस अवसर रात भर लोबान की खूशबू उड़ती रहेगी।

# मोहर्रम की 8वीं पर निकला भव्य संदल जुलूस

**सेंधवा, ( नवभारत )।** शहर में मोहर्रम की 8वीं तारीख पर बुधवार रात पारंपरिक संदल जुलूस श्रद्धा और अनुशासन के साथ निकाला गया। हजारों लोगों की मौजूदगी में जुलूस शहर के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरा। आयोजन के दौरान प्रशासन, पुलिस और नगर पालिका पूरी तरह सतर्क रही तथा सुरक्षा और नागरिक सुविधाओं की व्यापक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई।



### मोतीबाग इमामबाड़ा से शुरू हुआ पारंपरिक जुलूस

मोहर्रम की 8वीं तारीख पर आयोजित संदल जुलूस की शुरुआत मोतीबाग इमामबाड़ा क्षेत्र से हुई। इसके बाद जुलूस मौलाना आजाद चौक, भवानी चौक, पुराना बस स्टैंड सहित शहर के विभिन्न प्रमुख मार्गों से होकर निकला। देर रात तक चले इस धार्मिक आयोजन में मुस्लिम समुदाय के हजारों लोग शामिल हुए और ढोल-ताशों की गूंज के बीच धार्मिक परंपराओं का निर्वहन किया गया।

जुलूस में शामिल युवाओं ने पारंपरिक ढंग से संदल लेकर धार्मिक रस्में अदा की। किले गेट इस आयोजन का प्रमुख पड़ाव रहा, जहां बड़ी संख्या में मुस्लिम युवा एकत्रित हुए। यहां से श्रद्धालु संदल लेकर अपने-अपने ताजियों की ओर रवाना हुए। पूरे मार्ग पर उत्साह और अनुशासन का माहौल देखने को मिला।

### नपा ने संभाली व्यवस्थाओं की कमान

नगर पालिका परिषद द्वारा आयोजन को लेकर विशेष तैयारियां की गई थी। जुलूस मार्ग पर साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्थाए पेयजल और अन्य आवश्यक सुविधाओं की व्यवस्था की गई। नगर पालिका कर्मचारियों ने पूरे मार्ग पर व्यवस्थाओं को सुचारु बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

प्रशासन, पुलिस और नगर पालिका के समन्वित प्रयासों से संदल जुलूस शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित वातावरण में संपन्न हुआ। इस दौरान शहर में धार्मिक सौहार्द और भाईचारे की मिसाल भी देखने को मिली।

### सुरक्षा व्यवस्था पर प्रशासन की पैनी नज़र

आयोजन के दौरान जिला प्रशासन और पुलिस विभाग पूरी तरह सतर्क रहा। एडिशनल एसपी धीरज बब्बर, एसडीओपी अजय वाघमारे, शहर थाना प्रभारी दिनेश सिंह कुशवाह सहित पुलिस बल लगातार शहर में भ्रमण करता नजर आया। जुलूस मार्ग, प्रमुख चौराहों और संवेदनशील स्थानों पर पुलिस बल तैनात किया गया था। वरिष्ठ प्रशासनिक और पुलिस अधिकारी लगातार व्यवस्थाओं की निगरानी करते रहे तथा शांतिपूर्ण संचालन के लिए आवश्यक इंतजाम सुनिश्चित किए।

# एमएलए ने किया कार्यों का भूमिपूजन

**पानसेमल, ( नवभारत )।** विधानसभा क्षेत्र के ग्राम मोरतलाई में एमएलए श्याम बर्डे ने पदाधिकारियों एवं ग्राम के वरिष्ठजनों, जनप्रतिनिधियों के साथ भूमिपूजन किया। एमएलए ने ग्रामीणों के साथ नाग नागेश्वर मंदिर में भगवान शिव के दर्शन कर क्षेत्र की कुशल कामना की।



मोरतलाई में 37.40 लाख के कार्यों की सौगात मिली है। ग्राम में 18.25 लाख की लागत से टांडा फलिया में स्कूल भवन निर्माण 5.00 लाख की लागत से नाग नागेश्वर शिव मंदिर निर्माण, 3.50 लाख लागत से बिरसा मुंडा स्मारक टीनशेड निर्माण सहित शमशानघाट बैठक टीनशेड निर्माण, एसीसी रोड़ निर्माण, टेटा फलिया सीसी रोड़ निर्माण लाख, शमशानघाट शवगृह टीनशेड निर्माण सहित अन्य कार्य कार्य किए जाएंगे।

ग्राम के वरिष्ठ अशोक चोपड़ा ने बताया कि विधायक श्याम बर्डे के प्रयासों से ग्राम में अभी तक 2 करोड़ से अधिक विकास कार्यों की सौगात मिली है। ग्राम में लगभग सभी कार्य हो चुके हैं और जो कार्य शेष हैं उन्हें भी शीघ्र पूर्ण कराने का प्रयास किया जाएगा। विधायक श्याम बर्डे ने क्षेत्र की लाज बचाई है, उनके द्वारा मध्य प्रदेश महाराष्ट्र को जोड़ने वाले वाले प्रमुख मार्गों पर डामरीकरण कार्य कराया है तथा पुल-पुलियों के निर्माण भी कराए हैं। मोरतलाई के ग्रामीणों का विधायक बर्डे पर भरोसा बना हुआ है। इस अवसर पर भाजपा किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष राजेंद्र शितोले राम सोनाने ने भी सम्बोधित किया। विधायक श्याम बर्डे ने कहा कि ग्रामवासियों का विशेष रूप से स्नेह मिला है और भाजपा सरकार कभी भी भेदभाव नहीं करती हैं।

# विद्यार्थियों से किया सीधा संवाद



**बड़वानी, ( नवभारत )।** सेफ क्लिक 2.0 साइबर जागरूकता अभियान के तहत गुरूवार शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में विशेष पहल देखने को मिली। एसपी पद्मविलोचन शुक्ल विद्यालय पहुंचे और किसी औपचारिकता या मुख्य अतिथि के रूप में नहीं, बल्कि शिक्षक और अभिभावक की भूमिका में छात्र-छात्राओं से सीधा संवाद किया। उन्हें डिजिटल खतरों व सफल कॅरियर निर्माण के संबंध में जागरूक किया।

थाना प्रभारी बलजीत सिंह बिसेन ने भी विद्यार्थियों को साइबर फ्रॉड से सतर्क रहने को कहा। उन्होंने साइबर फ्रॉड से बचने के महत्वपूर्ण टिप्स भी दिए। साइबर एक्सपर्ट उप निरीक्षक रितेश खत्री, साइबर टीम, प्राचार्य अनिल मिश्रा, मोतीलाल सोलंकी, अनीता चोयल, संदीप शर्मा, अर्चना जोशी सहित अन्य उपस्थित रहे।


## टीबी स्क्रीनिंग एवं एक्स-रे जांच

**बड़वानी।** कलेक्टर जयती सिंह एवं सीएमएचओ डॉ जयपाल सिंह के नेतृत्व में राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम (एनटीइपी) अंतर्गत संचालित 100 दिवसीय टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत केंद्रीय एवं उप जेल में बंदियों की टीबी स्क्रीनिंग एवं डिजिटल एक्स-रे जांच की जा रही है। जिला क्षय अधिकारी डॉ राजेश गुप्ता ने बताया कि जिले में संचालित अभियान के तहत उच्च जोखिम वाले समूहों की सक्रिय टीबी खोज की जा रही है। इसी क्रम में केंद्रीय एवं उप जेल के बंदियों की जांच की जा रही है। गुरूवार को 100 बंदियों के डिजिटल एक्स-रे किए गए। जबकि शेष बंदियों की जांच भी निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार की जाएगी।

## एक नजर में

### आचार्य श्री 108 सुनील सागरजी के नगर प्रवेश पर निकलेगी भव्य शोभायात्रा

**झाबुआ।** मुनिकुंजर, जयेष्ठाचार्य, आदिसागर, अंकलीकर परंपरा के चतुर्थ पटटाधीश प्राकृताचार्य परम पूज्य आचार्य श्री 108 सुनील सागरजी महाराज (ससंघ) के झाबुआ आगमन पर दिगंबर जैन समाज द्वारा शहर में भव्य शोभायात्रा एवं रथयात्रा का आयोजन किया जाएगा। साथ ही आजाद चौक पर वृहद धर्मसभा का आयोजन भी रखा? गया है। जानकारी देते हुए दिगंबर जैन समाज के वरिष्ठ निलेश शाह ने बताया कि आचार्य श्री 108 सुनील सागरजी महाराज (36 साधु-आरिका) का 27 जून, शनिवार को रानापुर से विहार कर स्थानीय कॉलेज मार्ग स्थित 1008 श्री चंद्रप्रभु नसिया भवन पर सुबह करीब 7 बजे आगमन होगा। यहां चंद्रप्रभु नसिया भवन में दर्शन-वंदन बाद यहां से बैंड-बाजों और ढोल-ताशों के साथ शहर में शोभायात्रा और रथयात्रा निकाली जाएगी। रथ यात्रा में मुख्य आकर्षण जिले का आदिवासी नर्तक दल रहेगा। इसके साथ ही अश्वों पर समाज के ध्वज लेकर बालक शामिल होंगे। शोभायात्रा में बड़ी संख्या में समाजजनों की उपस्थिति रहेगी। यह यात्रा शहर के राजवाड़ा, लक्ष्मीबाई मार्ग, बाबेल चौराहा, बोहरा बाजार सुभाष मार्ग होते हुए 1008 श्री शांतिनाथ दिगंबर जैन मंदिर पहुंचेगी। मंदिर में श्री सुनील सागरजी महाराज द्वारा श्री शांतिनाथ भगवान के दर्शन पश्चात् यहां से श्री गौवरधननाथ मंदिर तिराहा होते हुए आजाद चौक पहुंचने पर धर्म सभा का आयोजन होगा। जिसमें आचार्यश्री द्वारा धर्म एवं ज्ञान पर विस्तृत चर्चा की जाएगी। धर्म सभा पश्चात् श्री दिगंबर जैन मंदिर में आचार्यश्री (ससंघ) द्वारा आहारचर्या की जाएगी। दिनभर मंदिर एवं नसिया भवन में विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम होंगे। संध्याकाल नसिया भवन में भक्तामर आरती का आयोजन होगा। 28 जून, रविवार शाम करीब 5 बजे आचार्यश्री सुनील सागरजी महाराज ससंघ सहित झाबुआ से विहार करते हुए कालीदेवी, राजगढ़ होते हुए इंदौर की ओर विहार होगा। सभी आयोजनों में समाजजनों से बढ़-चढ़कर भाग लेने हेतु अपील की गई है। *फोटो 08 -* पपू आचार्य श्री 108 सुनील सागरजी महाराज।



### केएफसी का डबल चिकन डायनामाईट में

**इंदौर.** चॉकलेट समोसा, पान लड्डू, आईस्क्रीम के साथ अचार. खाने के ऐसे अनेक कॉम्बिनेशन बिल्कुल अलग होते हैं, पर वो होते बहुत स्वादिष्ट हैं. अब पेश है ऐसा ही एक कॉम्बिनेशन - दो क्रिस्पी चिकन फिलेट्स के बीच कोरियन नूडल. केएफसी इंडिया ने भी खाने के शौकीनों के लिए ऐसा ही एक लजीज ऑल-न्यू डबल चिकन डायनामाईट पेश किया है. इस नई मेन्यू पेशकश में है, दो अलग-अलग तरह का स्वाद, जो बिल्कुल लाजवाब है. ऑल-चिकन नो बन बर्गर में हैं दो क्रिस्पी जिंगर फिलेट्स, जिनके बीच भरा है स्वादिष्ट कोरियन नूडल, सिग्नेचर स्पाईसी मायो एवं चीज़ और इनके साथ है जबरदस्त मसालों की टॉपिंग. यह शानदार कॉम्बिनेशन क्रंची, चीज़ी और बहुत ही लजीज है. चाहे आप चिकनप्रेमी हों, नूडल के शौकीन हों, या फिर नए-नए कॉम्बिनेशन को आजमाने वाले, डबल चिकन डायनामाईट का स्वाद ऐसा है, जो आप हर मौके पर लेना चाहेंगे. ऑल-न्यू डबल चिकन डायनामाईट 29 जून से भारत के सभी 1400+ केएफसी रेस्टोरैंट्स में डाईन-इन और टेकअवे के लिए उपलब्ध होगा.

# उर्वरक वितरण और ई-टोकन की समस्या पर प्रशासन सख्त

▶ जिला और विकासखंड स्तर पर नोडल अधिकारी नियुक्त



**आलीराजपुर । खरीफ सीजन के दौरान किसानों को उर्वरक वितरण, ई-टोकन निर्माण, फार्मर आईडी पंजीयन एवं अन्य तकनीकी समस्याओं से राहत दिलाने के लिए जिला प्रशासन ने महत्वपूर्ण कदम उठाया है। कलेक्टर श्रीमती नीतू माथुर के निर्देश पर जिले में जिला एवं विकासखंड स्तर पर नोडल अधिकारियों की नियुक्ति की गई है।**

कलेक्टर श्रीमती माथुर ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि ई-विकास प्रणाली से जुड़ी किसानों की सभी समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर निराकरण किया जाए। यदि किसी समस्या का समाधान विकासखंड स्तर पर संभव नहीं हो, तो उसे तत्काल जिला स्तरीय कंट्रोल रूम को भेजकर समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

### उर्वरक समस्याओं के लिए कंट्रोल रूम

उन्होंने कहा कि किसानों की शिकायतों का विधिवत पंजीयन कर त्वरित समाधान किया जाएगा, जिससे उर्वरक वितरण व्यवस्था सुचारू बनी रहे और कृषकों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। जिला प्रशासन द्वारा स्थापित व्यवस्था के तहत किसानों को आवश्यक मार्गदर्शन और सहायता भी उपलब्ध कराई जाएगी। जिला स्तरीय कंट्रोल रूम के लिए अनुविभागीय कृषि अधिकारी जोबट श्री रेहम डावर को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। वहीं आलीराजपुर, सोंडवा, कट्ठीवाड़ा, जोबट, चन्द्रशेखर आजाद नगर तथा उदयगढ़ विकासखंडों में भी वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारियों, कृषि विकास अधिकारियों एवं तकनीकी कर्मचारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है।कलेक्टर श्रीमती नीतू माथुर ने जिले के समस्त कृषक बंधुओं से अपील की है कि वे प्रशासन द्वारा की गई व्यवस्थाओं का सहयोग करें तथा किसी भी समस्या की स्थिति में संबंधित नोडल अधिकारियों से संपर्क कर लाभ प्राप्त करें। खरीफ सीजन में किसानों को समय पर उर्वरक उपलब्ध कराने और तकनीकी अड़चनों को दूर करने के उद्देश्य से प्रशासन की यह पहल किसानों के लिए राहत भरी साबित होगी।

# 6 सूत्रीय मांगों को लेकर 30 को जिला स्तरीय धरना-रैली

**झाबुआ।** प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन मप्र के प्रांताध्यक्ष ओमप्रकाश बुधोलिया के निर्देश पर प्रदेश के पेंशनरों की 6 सूत्रीय लंबित मांगों को लेकर चरणबद्ध आंदोलन किया जा रहा है। इसी क्रम में आगामी 30 जून को संगठन की जिला समिति द्वारा जिला स्तरीय धरना, रैली एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन जिला प्रशासन को सौंपा जाएगा।



जानकारी देते हुए एसोसिएशन जिलाध्यक्ष ललित त्रिवेदी एवं जिला सचिव राजेंद्रप्रसाद जोशी ने बताया कि पेंशनरों की 6 सूत्रीय मांगों को लेकर संगठन द्वारा पिछले लंबे समय से लगातार मध्यप्रदेश सरकार एवं प्रशासन को अवगत करवाने के बाद भी ध्यान नहीं दिया जा रहा है। जिससे प्रदेशभर में पेंशनरों में तीव्र आक्रोश और नाराजगी है। संगठन के प्रांताध्यक्ष बुधौलिया के मार्गदर्शन में एसोसिएशन द्वारा तीन चरणों में आंदोलन किया जा रहा है। जिसके पहले चरण में विगत 10 जून को प्रदेशभर में तहसील स्तरों पर प्रशासन को ज्ञापन सौंपा गया। मांगों के संबंध में कोई पहल नहीं होने पर 30 जून, मंगलवार सुबह 10.30 बजे जिलेभर से पेंशनर्स संगठन के बेनर तले डीआरपी लाइन स्थित अंबेडकर पार्क में एकत्रित होंगे। यहां मांगों को लेकर धरना दिया जाएगा। बाद रैली के रूप में कलेक्ट्रोरेट पहुंचकर मप्र के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नाम ज्ञापन जिला प्रशासन को प्रेषित किया जाएगा।

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सामाजिक सुरक्षा पेंशन राशि का किया वितरण

**आलीराजपुर ।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव जी द्वारा आज मंत्रालय से सिंगल क्लिक के माध्यम से सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं के हितग्राहियों को जून 2026 माह की पेंशन राशि का वितरण किया गया । जिसका सिधा प्रसारण कलेक?टर परिसर के वीसी रूम में देखा एवं सुना गया ।

मुख्यमंत्री डॉ यादव द्वारा जिले के 20063 हितग्राहियों सहित प्रदेश के 33 लाख से अधिक हितग्राहियों को 203.56 करोड़ रुपये की पेंशन राशि हस्तांतरित की । इस दौरान जिला कलेक्टर श्रीमती नीतू माथुर , जिला पंचायत सीईओं संघमित्रा गौतम , डिप्टी कलेक्टर सुश्री निर्मला कलमे सहित जिले के हितग्राही उपस्थित थे।

**एक नजर** ▶ जिलेभर में शिविरों, प्रवेश प्रक्रिया और विधिक साक्षरता कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों को किया जा रहा जागरूक

# जनजागरूकता, कौशल विकास और नशामुक्ति पर प्रशासन का विशेष फोकस

**आलीराजपुर।** जिले में किसानों, युवाओं और विद्यार्थियों को जागरूक एवं सशक्त बनाने के उद्देश्य से विभिन्न विभागों द्वारा विशेष अभियान संचालित किए जा रहे हैं। एक ओर संभावित अल नीनों प्रभाव एवं कम वर्षा की आशंका को देखते हुए किसानों के लिए पंचायत स्तर पर कृषि प्रबंधन एवं आकस्मिक तैयारी शिविर आयोजित किए जा रहे हैं, वहीं युवाओं के कौशल विकास के लिए आईटीआई जोबट में प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। इसके साथ ही अंतर्राष्ट्रीय नशा निषेध दिवस के अवसर पर विद्यार्थियों को नशे के दुष्परिणामों एवं कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया।



केंद्र सरकार के मौसम विज्ञान विभाग एवं अन्य वैज्ञानिक संस्थाओं द्वारा जारी पूर्वानुमानों के अनुसार वर्ष 2026 में अल नीनों की संभावित परिस्थितियों के कारण मानसूनी वर्षा प्रभावित होने की आशंका व्यक्त की गई है। इसे ध्यान में रखते हुए कृषि विभाग द्वारा 25 से 30 जून तक जिले की ग्राम पंचायतों में कृषि प्रबंधन एवं आकस्मिक तैयारी शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। इन शिविरों में कृषि विभाग, कृषि विज्ञान केन्द्र, उद्यानिकी विभाग, पशुपालन विभाग, पटवारी एवं एफपीओ के प्रतिनिधि किसानों को कम वर्षा की स्थिति में फसल प्रबंधन, वैकल्पिक खेती एवं तकनीकी उपायों की जानकारी प्रदान कर रहे हैं।

इसी क्रम में जिले के युवाओं को रोजगारपरक प्रशिक्षण से जोड़ने के उद्देश्य से शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था (आईटीआई) जोबट में प्रवेश सत्र 2026-27 के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। संस्था में कोपा, इलेक्ट्रिशियन, फिटर, वेल्डर एवं सुइंग टेक्नोलॉजी जैसे विभिन्न ट्रेडों में प्रवेश की सुविधा उपलब्ध है। इच्छुक विद्यार्थी 30 जून 2026 तक आवेदन कर सकते हैं।

वहीं अंतर्राष्ट्रीय नशा निषेध एवं अवैध तस्करी निवारण दिवस के अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के मार्गदर्शन में सरस्वती शिशु मंदिर, आलीराजपुर में विधिक साक्षरता शिविर आयोजित किया गया। शिविर में विद्यार्थियों को नशे के दुष्परिणाम, इस्र्र की छ्र्र्ह योजना, शिक्षा का अधिकार, साइबर अपराधों से बचाव, यातायात नियमों एवं चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं को नशामुक्ति की शपथ दिलाकर समाज में जागरूकता फैलाने का संकल्प भी कराया गया। जिला प्रशासन द्वारा संचालित ये पहलें किसानों को प्राकृतिक चुनौतियों के प्रति तैयार करने, युवाओं को रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण से जोड़ने तथा समाज को नशामुक्त एवं जागरूक बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही हैं।

## अमेज़न नाउ का 300 से अधिक शहरों में विस्तार

**इंदौर.** अमेज़न ने अपनी अल्ट्रा-फास्ट डिलीवरी सेवा अमेज़न नाउ का विस्तार करते हुए इसे देश के 300 से अधिक शहरों तक पहुंचाने की घोषणा की है. कंपनी का लक्ष्य भारत का सबसे बड़ा डिलीवरी इन मिनट्स नेटवर्क तैयार करना है. लॉन्च के बाद से अमेज़न नाउ के ऑर्डर हर तिमाही दोगुने हुए हैं, जिससे यह अमेज़न इंडिया के इतिहास में सबसे तेज़ी से बढ़ने वाली ई-कॉमर्स इकाई बन गई है. अमेज़न अपने विशेष फुलफिलमेंट नेटवर्क का विस्तार कर ग्राहकों को उनकी ज़रूरत के मुताबिक उत्पादों की सबसे व्यापक श्रृंखला उपलब्ध कराएगा. अमेज़न इंडिया के कंट्री मैनेजर समीर कुमार ने कहा अमेज़न इंडिया के इतिहास में अमेज़न नाउ सबसे तेज़ी से बढ़ने वाला ई-कॉमर्स इकाई बन गई है, लॉन्च के बाद से इसके ऑर्डर हर तिमाही दोगुने हुए हैं और ग्राहकों, खासकर प्राइम सदस्यों, से इसे शानदार प्रतिक्रिया मिली है।